**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 08.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में वि□वास मत हासिल किया, वि□वास मत के पक्ष में 45 वोट पड़े, विपक्ष में भाून्य।**
2. **हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का आज दोपहर बाद होगा विस्तार, कुछ नये चेहरे हो सकते हैं भाामिल।**
3. **सर्वोच्च न्यायालय आज नीट यूजी परीक्षा से संबंधित कई याचिकाओं पर करेगा सुनवाई।**

**और**

4. **उत्तराखंड में आयोजित अंडर–17 सब जुनियर राश्ट्रीय कु□ती प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवानों ने जीता चार पदक, पदक विजेता अंडर 17 वि□व कप कु□ती चैंपियन□िप के ट्रायल में लेंगे भाग।**

********************

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष के वाकआउट के बीच विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास मत के पक्ष में 45 वोट पड़े। वेल में रहने के कारण विपक्ष के वोटों की गिनती नहीं की गयी। हेमंत सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा के बर्खास्त विधायक लोबिन हेंब्रम और निलंबित विधायक चमरा लिंडा का भी समर्थन मिला। वहीं मनोनीत विधायक जेपी गैलेक्सीटन ने भी सरकार का समर्थन किया। जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक सरयू राय तटस्थ रहे। उन्होंने किसी के पक्ष में वोट नहीं दिया। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस का दामन थाम चुके भाजपा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल सदन से अनुपस्थित रहे। हेमंत सोरेन के विश्वास मत हासिल करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

********************

विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के बाद अब से थोड़ी देर बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार कर सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह के लिए राजभवन से दोपहर साढे तीन बजे का समय मांगा गया है। श्री सोरेन मंत्रिमंडल विस्तार में 11 मंत्रियों की पूरी टीम लेकर आ सकते हैं। राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी हो चुकी है। मंत्रिमंडल में कुछ नये चेहरों को शामिल किये जाने की संभावना है।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी पिछले दस वर्षों में कई क्षेत्रों में आगे बढ़ी है। इन क्षेत्रों में ऊर्जा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान–प्रदान शामिल है। आज से शुरू हो रही रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा से पहले प्रधानमंत्री ने एक वक्तव्य में कहा कि वे 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस की आधिकारिक यात्रा और ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा पर जा रहे हैं।

********************

राज्य के दिव्यांग विद्यार्थी 31 अक्टूबर तक राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन दे सकते हैं। नेशनल स्कॉलरशिप पाने का मौका 31 अक्टूबर तक है। इस संबंध में राज्य के महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने सूचना जारी की है। विभाग द्वारा बताया गया है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप मिलनी है। इसके लिए इस स्कॉलरशिप का पोर्टल 30 जून से शुरू किया जा चुका है। पोर्टल पर कक्षा नौ और दसवीं के लिए प्री मैट्रिक, ग्यारहवीं से पीजी डिग्री और डिप्लोमा के लिए पोस्ट मैट्रिक तथा टॉप क्लास स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत अलग–अलग तिथियों तक आवेदन दर्ज करने होंगे। प्री मैट्रिक के लिए 31 अगस्त 2024 तक जबकि पोस्ट मैट्रिक और टॉप क्लास स्कॉलरशिप के लिए 31 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। राज्य के सभी योग्य एवं बेंचमार्क दिव्यांग छात्र वेबसाइट www.scholarships.gov पद के जरिए वांछित डॉक्यूमेंट्स के साथ स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

*********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर और प्रज्ञा केंद्रों को और अधिक सक्षम बनाया जाएगा। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*********************

सर्वोच्च न्यायालय आज नीट–यूजी परीक्षा से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ कुल 38 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इनमें नीट–2024 परीक्षा में अनियमितताओं और कदाचार के आरोप तथा नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। दायर याचिकाओं में नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अलग और स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। इससे पहले, शीर्ष अदालत के समक्ष दायर एक हलफनामे में, केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा था कि परीक्षा में अनियमितताओं के किसी भी सबूत के अभाव में परीक्षा दोबारा आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। नई परीक्षा से लाखों वास्तविक उम्मीदवार प्रभावित होंगे।

*********************

कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी नौवां माइल पर आज सुबह करीब साढे सात बजे दो वाहनों के बीच हुई टक्कर में एक चार पहिया वाहन में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों की पहचान बिहार के समस्तीपुर निवासी खुर्शीद आलम तथा शिवलाल कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया।

*********************

सरायकेला जिले के गम्हरिया स्थित टाटा कंपनी विस्थापित जमीनदाताओं ने आज सुबह स्थायी नौकरी समेत अन्य मांगों को लेकर कंपनी गेट पर चक्का जाम कर दिया। इसके कारण कंपनी में सभी बड़े भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप्प है। जमीन से विस्थापित हुए लोगों ने बताया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा 32 विस्थापित कामगारों को जबरन हटा दिया गया है। वर्ष 2013 में इन विस्थापितों ने अपनी जमीन उषा मार्टिन कंपनी को दी थी। इसके बाद 2017 में टाटा कंपनी ने अधिग्रहण किया। पूर्व में इन्हें नौकरी दी गई बाद में कंपनी प्रबंधन द्वारा अस्थाई ठेका कर्मी बनाकर काम लिया गया और वर्तमान में सभी को काम से हटा दिया गया है।

*********************

चतरा जिले में अब तक मात्र 16 दशमलव 4 मिमी मीटर बारिश दर्ज की गई है जो सामान्य से कम है। इस वर्ष कृषि विभाग को चतरा जिले में 36 हजार 500 हेक्टेयर भूमि पर धान आच्छादन का लक्ष्य मिला है लेकिन अब तक जिले में 365 हेक्टेयर भूमि पर ही बिचड़ा बोया जा सका है। जिले के किसानों को अभी भी अच्छी बारिश की उम्मीद है। मानसून की बेरुखी से चिंतित किसान जी तोड़ मेहनत के साथ बिचड़ा बोने में जुटे हैं। जिले के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को कम अवधि के धान बीज लगाने की सलाह दी जा रही है।

**<u>*********************</u>**

उत्तराखंड में आयोजित अंडर–17 सब जुनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवानों ने दो स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। झारखंड के विकास कच्छप ने 48 किलाग्राम भारवर्ग में और आदित्य कुमार गौरव ने 51 केजी भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पदक विजेता अंडर 17 विश्व कप कुश्ती चैंपियनशिप में चयन ट्रायल में भाग लेंगे।

**<u>*******समाप्त*************</u>**